nt>

Title: Regarding need to resume rail service between Ankaleshwar to Rajpipla and Bharuch to Dahej in Gujarat-Laid

12.39 hrs.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र अंकलेश्वर से राजपिपला और भरूच से दहेज के बीच रेल सेवा की तरफ दिलाना चाहता हूं। इन दोनों शहरों के बीच कोई रेल सेवा नहीं है। जिसके कारण इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क यातायात से एक तरफ तो लोगों को ज्यादा पैसा देना पड़ता है और दूसरी तरफ समय की बरबादी होती है। 1968 से पहले यहां पर रेल सेवा चलती थी परंतु 1968 की बाढ़ के बाद पटरियों में कई कमियां होने के कारण रेल सेवा स्थगित कर दी गयीं और आज तक रेल सेवा नहीं चली है जबकि इन रेल सेवाओं को पुनः चलाने हेतु दस साल से लगातार मांग की जा रही है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन रेल सेवाओं को लोकहित में पुनः शुरू किया जाये।

- **Laid on the Table of the House as per the directions of the Hon. Speaker**